# 'राज्य सरकार ने 10 माह के कार्यकाल में अनेकों योजनायें लागू की जिसका लाभ जनता को मिल रहा है'

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार में स्वतंत्र प्रभार के साथ ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर नें कोटा में गुरुवार अपरान्ह में पत्रकारवार्ता संबोधित की एवं वार्ता से पूर्व में भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन नें उनका पार्टी दुपट्टा पहनाकर कर स्वागत किया। स्वागत संबोधन में शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के एवं प्रदेश में भजनलाल के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार होने से प्रदेश के हित में प्रतिदिन जन-जन को लाभ पहुचाने की दृष्टि से योजनाबद्ध कार्य किया जा रहा है। जिसमें युवा, किसान, महिला एवं वरिष्ठजन के हित में सरकार ने 10 माह के कार्यकाल में अनेकों योजनायें लागू की जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।



कोटा में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर पत्रकारों से रूबरू हुए।

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने वार्ता के दौरान कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने शिक्षित-अशिक्षित युवाओं को रोजगार देने के लिए अभियान प्रारंभ किया है। उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में युवाओं के सपनों को साकार करने का काम राजस्थान की भजनलाल सरकार प्रथम प्रतिबद्धता से कर रही है। नागर ने कहा कि पूरे 5 साल तक कांग्रेस की गहलोत सरकार कुर्सी युद्ध में व्यस्त रही, उसने राजस्थान को सभी क्षेत्रों में भारी नुकसान पहुंचाया, कांग्रेस के कार्यकाल में नौजवानों को नौकरी देने की कोई योजना तक नहीं थी। गहलोत सरकार की ज्यादातर भर्ती परीक्षाएं पेपर लीक की भेंट चढ़ी, जिनके अपराधियों को वर्तमान भजनलाल सरकार अभी तक चुन-चुन कर पकड़ रही है। उन्होंने बताया कि पेपर लीक से जुड़े बड़े-बड़े माफिया अब तक पकड़े जा रहे हैं, पेपरलीक में मछली ही नहीं मगरमच्छ भी पकड़े जा रहे हैं। कांग्रेस सरकार की 17 भर्ती परीक्षाओं में से पेपर लीक हुए उनमें से 8 परीक्षाएं रद्द भी हुई जिसमें 50 हजार से ज्यादा भर्तियां गहलोत सरकार को रद्द करनी पड़ीं थी।

राज्य मंत्री नागर में कहा कि भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में साल पूरा होने तक विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में नौकरियां दे रही हैं। साल के अंत तक नौकरी देने के आंकड़ों को एक लाख से पार कर लिया जाएगा। इसी के साथ सरकार ने अगले 2 साल तक के समय के लिए भर्ती कैलेंडर भी बना लिया है। ऊर्जा राज्य मंत्री नागर ने बताया राजस्थान सरकार ने स्किल डेवलपमेंट और उद्योगों के साथ एमओयू करके राजस्थान में रोजगार के बड़े अवसर उत्पन्न करने की दिशा में प्रभावी कार्य कर रही है। इस हेतु बजट प्रावधान किए गए हैं तथा लगातार बड़े उद्योगपतियों से संपर्क कर एमओयू के द्वारा प्रयत्न किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास, उन्हें प्रोत्साहन एवं उनकी समस्या समाधान के निस्तारण के लिए व्यापक कार्य योजना से काम कर रही है। स्टेट स्किल पॉलिसी, अटल इंटर्नशिप प्रोग्राम, स्टार्टअप आदि की इक्विटी फंडिंग के द्वारा 100 करोड़ रुपए का फंड देने की घोषणा भी ऐतिहासिक निर्णय हैं। इसी के साथ सी ई टी पात्रता परीक्षा में 40 प्रतिशत का मानदंड तय किया गया हैं, वहीं माईनस मार्किग को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। जो कि अपने आप में अभूतपूर्व है।

नागर ने कहा कि कर्मचारी चयन बोर्ड ने 70 संवर्गों में तिथिवार भर्ती घोषणा की है जो युवाओं के सपनों को साकार करने में सहायक होगी, पिछले 20 वर्षों में पहलीवार चतुर्थ श्रेणी और वाहन चालकों की भर्ती होनें जा रही है। जो की विजन आफ यूथ एवं भजनलाल सरकार की युवानीति 2024 की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार एक लाख 11 हजार से अधिक सरकारी नियुक्तियां की विज्ञप्तियां जारी कर चुकी हैं, जिसमें 32 हजार से अधिक को पदस्थापित भी किया जा चुका हैं।

नागर ने कहा कि भजनलाल शर्मा सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में चार लाख सरकारी नौकरियों और 6 लाख लोगों को स्किल के साथ रोजगार देने के लक्ष्य से कार्य कर रही हैं। जो की राजस्थान के इतिहास में रोजगार सृजन का सबसे बड़ा अभियान होगा तथा राजस्थान के युवा वर्ग की उन्नति और विकास के लिए भाजपा की भजनलाल सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। नागर ने कहा कि राजस्थान में भजनलाल सरकार पहली सरकार है जो लगातार अपने बजट घोषणाओं और चुनावी घोषणापत्र की घोषणाओं की समीक्षा की जा रही है तथा 55 से 60 प्रतिशत वायदों को पूरा किया जा चुका है।

## विजय संकल्प यात्रा शुरू

**कोटा,** (निसं)। ओम बिड़ला के दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर 17 अक्टूबर सुबह 12 बजे नयापुरा चौराहे से भाजपा कार्यकर्ता बृजेश योगी ने साइकिल द्वारा कोटा से संसदभवन दिल्ली के लिए विजय संकल्प यात्रा शुरू की।

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर
131 वां राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा
श्री राम कथा
(कथावाचक पूज्य पं. विजय शंकर मेहता जी)
दोपहर 1:00 से 4:00 बजे | श्री राम रंगमंच | प्रायोजक: के.डी.ए.
हत्था माला प्रतियोगिता
रात्रि 7:00 बजे | विजय श्री रंगमंच
अखिल भारतीय कवि सम्मलेन
कविगण
श्री हरिओम पंवार, श्री सुरेंद्र शर्मा, श्रीमती अनामिका अंबर, श्री अरुण जैमिनी, श्री शशिकांत यादव, श्री सुदीप भोला, श्री जगदीश सोलंकी
रात्रि 8.30 बजे | विजय श्री रंगमंच | प्रायोजक: ALLEN मानधना परिवार
दिनांक : 18 अक्टूबर 2024, शुक्रवार
गरिमामयी उपस्थिति
श्री मदन दिलावर
माननीय शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री राजस्थान सरकार
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति
नगर निगम दक्षिण-उत्तर परिवार

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/1334 विज्ञप्ति दिनांक:- 17.10.24

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या 98.ई आर.के.पुरम योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 543 दिनांक 21.12.2001 द्वारा श्री विनोद कुमार नामा पुत्र श्री रमेश कुमार को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम/वसीयतनामा/इकरारनामा श्रीमती अखिलेश नामा पत्नी श्री हीरालाल नामा ने उक्त आवास/भूखंड का विक्रय जर्ये मुख्तारआम पत्र दिनांक 07.06.2016 को श्री हरीओम पुत्र श्री नन्द लाल को विक्रय कर दिया गया है। मुख्तारआम श्री हरीओम पुत्र श्री नन्द लाल ने उक्त आवास/भूखंड विक्रय श्रीमती कविता कुमारी पत्नी श्री सुन्दर दास के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास/भूखंड का हस्तांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या 98.ई योजना आर.के. पुरम के स्वामित्व हस्तान्तरण की स्वीकृति श्रीमती कविता कुमारी पत्नी श्री सुन्दर दास के नाम कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/1333 विज्ञप्ति दिनांक:- 17.10.24

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या 97.ई आर.के.पुरम योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 888 दिनांक 28.12.2007 द्वारा श्री महेश चन्द गुप्ता पुत्र श्री मुरारी लाल गुप्ता को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम/वसीयतनामा/इकरारनामा श्रीमती अखिलेश नामा पत्नी श्री हीरालाल नामा ने उक्त आवास/भूखंड का विक्रय जर्ये मुख्तारआम पत्र दिनांक 07.06.2016 को श्री हरीओम पुत्र श्री नन्द लाल को विक्रय कर दिया गया है। मुख्तारआम श्री हरीओम पुत्र श्री नन्द लाल ने उक्त आवास/भूखंड विक्रय श्री ललित कुमार चान्दवानी पुत्र श्री सुन्दर दास चान्दवानी के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास/भूखंड का हस्तांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या 97.ई योजना आर.के. पुरम के स्वामित्व हस्तान्तरण की स्वीकृति श्री ललित कुमार चान्दवानी पुत्र श्री सुन्दर दास चान्दवानी के नाम कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## अकेलगढ़ पेयजल प्लान्ट की वितरण उपखंडों में सप्लाई बंद

- रूटिंग मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है

**कोटा,** (निसं)। उत्पादन उपखण्ड अकेलगढ़ स्थित पेयजल प्लान्ट की रूटिंग मरम्मत का कार्य कराए जाने के कारण गुरूवार, 18 अक्टूबर को दोपहर 12 से अपरान्ह 3 तक किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए अकेलगढ़ प्लान्टों का शटडाउन लिया जाएगा। जिसके कारण जलापूर्ति बाधित रहेगी। आगामी जलापूर्ति कार्य पूरा होने के बाद जलापूर्ति सायंकाल को कम दबाव से की जाएगी तथा 19 अक्टूबर को सामान्य जल दबाव से जलापूर्ति की जाएगी।

अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर खंड प्रथम मस्तराम मीणा ने बताया कि शटडाउन के दौरान वितरण उपखण्ड प्रथम के अन्तर्गत आने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र नया कोटा शहर दादाबाड़ी, बसन्तविहार, योजना, गणेश तालाब, शिवपुरा, किशोरपुरा, केशवपुरा, जवाहर नगर, घोड़ा बस्ती एवं राजेन्द्र विहार, स्वामी विवेकानंद नगर (आरएचबी), विवेकानंद, टैगोर नगर, आर.के. पुरम, बोम्बे योजना, आर.के. पुरम ए,बी,सी, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, जी.ए.डी. कॉलोनी, दुर्गा बस्ती, साजीदेहड़ा, वक्फ नगर, जवाहर नगर डिस्ट्रीक्ट सेन्टर। वितरण उपखण्ड द्वितीय का सम्पूर्ण विज्ञान नगर सेक्टर 1 से 7, सम्पूर्ण संजय नगर, उड़िया बस्ती, गणेश बस्ती, छावनी, रामचन्द्रपुरा, तलवंडी, ए,बी,सी, सेक्टर व हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, इन्द्राविहार एवं राजीव गांधी नगर। वितरण उपखण्ड तृतीय का महावीर नगर प्रथम, महावीर नगर तृतीय सम्पूर्ण तथा प्रेमनगर, श्रीरामनगर, इन्द्रा कॉलोनी में पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी।

अधिशाषी अभियंता ने बताया कि रानपुर फीडर 800 एम.एम. राइजिंग पाइप लाइन पर पंडित दीनदयाल नगर, अनन्तपुरा योजना में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने लीकेज होने के कारण 18 अक्टूबर को रानपुर फीडर पर दोपहर 12:30 से सायं 6 बजे तक शटडाउन लिया जाना प्रस्तावित है। इसके कारण फीडर से जुड़े अनन्तपुरा उच्च क्षेत्र मद्रासी मोहल्ला, घौसी मोहल्ला, क्रेशर रोड़ एवं तलाब गांव बस्ती रंगबाड़ी गांव एवं इन्द्रप्रस्थ एरिया रोड़ नं. 1 से 7, कृषि उपज मंडी, मंडाना-बोराबास योजना, रानपुर औद्योगिक क्षेत्र आईआईटी रानपुरा आदि में जलापूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियंता ने उक्त क्षेत्र के पेयजल उपभोक्ताओं से आव्हान किया।

## त्यौहारी सीजन में मावा, मिठाई, नमकीन, सोफ्टी के नमूने लिए

**कोटा,** (निसं)। दीपावली व दशहरा मेले में पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी द्वारा गठित टीम ने गुमानपुरा मावा मंडी में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरिक्षण कर 6 नमूने मावा के लिए।

गुमानपुरा स्थित नमकीन/मिठाई उत्पादन की ईकाईयों का निरिक्षण कर 18 नमूने नमकीन व 3 नमूने मिठाईयों के लिए गए। दशहरा मेले मे विभिन्न चाट, सोफ्टी व खाद्य पदार्थों के ठेलों व दुकानों का निरिक्षण करते हुए साफ सफाई के लिए पांबद किया एंव सभी खाद्य पदार्थ ढक कर रखने के लिए निर्देश प्रदान किये। दशहरा मेले से 5 सोफ्टी व एक कुल्फी का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिया गया।


कोटा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं।

नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन, नितेश गौतम मौजूद रहे।

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2604 विज्ञप्ति दिनांक:-17.10.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालिता में स्थित कृषि भूमि योजना बजाज नगर भूखंड संख्या 204 खसरा नं. 134, 186 आवेदक/आवेदिका श्री मोहम्मद उस्मान आत्मज श्री हाजी उस्मान निवासी मोची कटला घंटाघर कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु कोटा विकास प्राधिकरण कोटा कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 1193 दिनांक 03.10.2013 को श्रीमती सईदा बानो पत्नी श्री मोहम्मद उस्मान के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 22.08.2021 को हो चुकी है। पट्टाधारी की मृत्यु के उपरांत जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 23.08.2024 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री मोहम्मद उस्मान आत्मज श्री हाजी उस्मान के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2024/1326 विज्ञप्ति दिनांक:- 16.10.24

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखंड संख्या-88 स्वामी विवेकानन्द नगर योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 65 दिनांक 09.09.2020 द्वारा श्रीमती हेमलता सोनी पत्नी श्री धर्मेन्द्र सोनी को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्रीमती मंजू मलिक पत्नी श्री मनोज मलिक ने उक्त आवास/भूखंड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 25.06.2024 को श्रीमती करुणा पांचाल पत्नी श्री जगदीश प्रसाद को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्रीमती करुणा पांचाल पत्नी श्री जगदीश प्रसाद ने उक्त आवास/भूखंड का नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास/भूखंड का हस्तांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखंड संख्या 88 योजना स्वामी विवेकानन्द नगर के स्वामित्व हस्तान्तरण की स्वीकृति श्रीमती करुणा पांचाल पत्नी श्री जगदीश प्रसाद के नाम कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

## स्मैक तस्करी के आरोपियों को तीन-तीन वर्ष का कठोर कारावास और जुर्माना

**कोटा,** (निसं)। विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस कोटा के न्यायाधीश ने स्मैक तस्करी के दो आरोपीयों को तीन तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 25,000 जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने बताया कि दिनांक 6 मार्च 2019 को थाना जीआरपी कोटा ने प्लेटफार्म नंबर 1 कोटा रेलवे स्टेशन पर गाड़ी नंबर 12415 इंदौर नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच से दो शख्सों को डिटेन किया। शख्सों से उनका नाम पता पूछा तो पहले शख्स ने अपना नाम अक्षय वत्स पुत्र श्रीकृष्ण शर्मा निवासी इन्दिरा कॉलोनी थाना सदर जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश का होना बताया तथा दूसरे शख्स ने अपना नाम अंकुर पुत्र सुरेश निवासी खंडलाना थाना तितरो जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश का होना बताया। उनकी तलाशी ली तो दोनों अभियुक्तों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की। स्मैक का शुद्ध वजन 50 ग्राम हुआ। जिसको जब्त कर पुलिस ने अनुसंधान के पश्चात दोनों अभियुक्तों अक्षय और अंकुर के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। जिसमें अभियोजन पक्ष की ओर से प्रकरण में कुल 14 गवाह लेखबद्ध करवाए गए और कुल 48 दस्तावेज प्रदर्शित करवाएं। न्यायालय ने मामले में निर्णय देते हुए दोनों अभियुक्तों अक्षय और अंकुर को 3 वर्ष के कठोर कारावास और प्रत्येक को 25,000 जुर्माने की सजा से दंडित किया।

## अब कोटा-पटना एक्सप्रेस चार जनरल कोच के साथ चलेगी

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कोच स्थाई एवं अस्थाई रूप से लगाए जाते हैं। इसी कड़ी में कोटा से संचालित गाड़ी संख्या 13237/13238 पटना-कोटा-पटना एक्सप्रेस पटना से 30 नवम्बर एवं कोटा से 01 दिसम्बर तथा गाड़ी संख्या 13239ध13240 पटना-कोटा-पटना एक्सप्रेस पटना से 29 नवम्बर एवं कोटा से 30 नवम्वर से तीन सामान्य कोच की बजाय चार सामान्य कोच के साथ संचालित होगी। वर्तमान में यह गाड़ी 22 एलएचबी कोच जिसमे 3 सामान्य एवं 6 थर्ड एसी कोच में बदलाव करते हुए 4 सामान्य एवं 5 थर्ड एसी कोच उक्त तिथि से किया जा रहा है।

**कोच कम्पोजीशन:-** उक्त तिथी से कोटा-पटना-कोटा एक्सप्रेस अब 4 सामान्य कोच, 6 स्लीपर, 5 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनामी, 2 सेकेंड एसी, 1 फर्स्ट एसी, 1 पेंट्रीकार, 1 जनरेटरकार एवं 1 एसएलआरडी सहित कुल 22 एलएचबी कोच से चलेगी।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ जनसम्पर्क अधिकारी-कोटा रोहित मालवीय ने बताया कि सर्व-संबंधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन के कोच कम्पोजीशन में किए गए बदलाव की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस अथवा रेल मदद 139 पर प्राप्त कर यात्रा करें।

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/2609 विज्ञप्ति दिनांक:-17.10.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामचन्द्रपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना श्रीराम नगर कालोनी भूखंड संख्या 36-ए खसरा नं. 285, 286 आवेदक/आवेदिका श्री सुनील शुक्ला पुत्र स्व. श्री बाबूलाल निवासी नीमडी पाडा, अन्ता जिला बारां राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 10479 दिनांक 01.11.2011 को बाबूलाल शुक्ला पुत्र श्री मोतीलाल शुक्ला के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 24.03.2024 एवं माता कस्तुरी बाई की मृत्यु 07.08.2009 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नी विमल देवी, पुत्र कमल कुमार शुक्ला, सुनिल शुक्ला, पुत्री मनोरमा व मधु है। वारिसान विमला देवी, कमल कुमार शुक्ला, मनोरमा व मधु द्वारा जर्ये रजि. रिलीज डीड दिनांक 16.07.2024 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री सुनील शुक्ला पुत्र स्व. श्री बाबूलाल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

## सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक बाहरी महंगी दवाईयां न लिखें : जिला कलेक्टर

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान जयपुर से मुख्य सचिव सुधांशु पंत भी जुड़े। उन्होंने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए नियमित रूप से नारकोटिक्स की बैठकें आयोजित की जाएं। साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मेडिकल उपचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं का नशे के रूप में दुरुपयोग न हो। जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में परिवादियों की समस्याओं का सुनकर निस्तारण की प्रक्रिया की गई।


कोटा जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई कर आवश्यक निर्देश दिये।

मुख्य सचिव पंत ने उर्वरकों के वितरण को प्राथमिकता के आधार पर खेतों के क्षेत्रफल और कमी वाले क्षेत्रों में करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट समय पर और निष्पक्षता से कराया जाए ताकि प्रधानमंत्री किसान फसल बीमा योजना का लाभ किसानों तक सही रूप में पहुंच सकें। मुख्य सचिव ने सभी जिलों के संपर्क पोर्टल पर निस्तारण की समय सीमा और संतोषजनक निस्तारण की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि जनता को न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्ण समाधान मिल सके।

जनसुनवाई में लगभग 192 प्रकरण आए, जिनमें से 67 परिवादों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में मुख्यत: अतिक्रमण, कब्जा, मनरेगा, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, आवासन मंडल, नगर निगम, और कोटा विकास प्राधिकरण से संबंधित परिवाद आए। जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.गोस्वामी ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्षता के साथ समाधान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग पेंशन से संबंधित एक परिवादी के प्रकरण में कलेक्टर डॉ.गोस्वामी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया को निर्देश दिए कि दिव्यांग व्यक्ति के घर पर ही भौतिक सत्यापन के लिए कार्मिक भेजे जाएं, जिसकी पालना तुरंत की गई।

रिहायशी इलाके में स्टोन कटर व्यवसाय से उत्पन्न परेशानी को लेकर कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी को यह निर्देश भी दिया कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक बाहरी महंगी दवाइयां न लिखें। कलक्टर ने उपस्थित परिवादियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जो मामले न्यायपालिका या लोकायुक्त द्वारा विचाराधीन है, उनके निस्तारण में निर्णय आने के बाद ही पालना की जा सकेगी। ग्रामीण निवासियों को जिला मुख्यालय तक आने की परेशानी से बचाने के लिए उनसे अधिकारी कार्यालय में मिले एवं उनकी समस्या का समाधान करें। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश चौधरी, नगर निगम उत्तर आयुक्त अशोक त्यागी, नगर निगम दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव, केडीए सचिव कुशल कोठारी, उपखंड अधिकारी गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## लावारिस स्मार्ट फोन लौटाया

**कोटा,** (निसं)। मंडल में तैनात कर्मचारी अपनी ड्यूटी के साथ कई बार आमजन के हित में प्रशंसनीय सामाजिक सराहनीय कार्य करते है। इसी क्रम में कोटा स्टेशन पर नियमित सफाई कार्य के दौरान सफाई कर्मचारी सचिन को एक स्मार्ट मोबाइल फोन लावारिस हालत में मिला। जिसकी कीमत तकरीबन 18 हजार रूपए थी। सफाईकर्मी ने इस लावारिस फोन मिलने की सूचना ऑन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक वाणिज्य दीपक शर्मा को दी।

### खोया-पाया

आरुषि बांठिया पुत्री संजय कुमार बांठिया 2-G-21 तलवंडी कोटा का आवंटन पत्र कब्जा पत्र भौतिक कब्जा पत्र व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

### कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक-एफ11/विक्रय/2024/1335 विज्ञप्ति दिनांक 17.10.2024

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-342.ई आर.के.पुरम योजना कोटा का आवंटन न्यास के पत्र क्रमांक 507 दिनांक 19.12.2001 द्वारा श्री नन्दलाल जैन पुत्र श्री फुलचन्द को आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्री बालचन्द विश्वकर्मा पुत्र श्री बापू लाल ने उक्त आवास/भूखण्ड का विक्रय जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 30.11.2010 को श्रीमती ललिता विश्वकर्मा पत्नि श्री बालचन्द विश्वकर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्रीमती ललिता विश्वकर्मा पत्नि श्री बालचन्द विश्वकर्मा ने उक्त आवास/भूखण्ड का नाम हस्तानांतरण हेतु आवेदन किया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त आवास/भूखण्ड का हस्तांतरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या 342.ई योजना आर.के.पुरम के स्वामित्व हस्तान्तरण की स्वीकृति श्रीमती ललिता विश्वकर्मा पत्नि श्री बालचन्द विश्वकर्मा के नाम कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3840 जाहिर आम सूचना दिनांक - 14.10.24

आवास संख्या 1-व-16 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती परमेश्वरी बाई पत्नी श्री केवलराम को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री केदार लाल शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण के नाम दिनांक 27.03.1999 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री केदार लाल शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा दिनांक 29.03.1999 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री केदार लाल शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण की मृत्यु दिनांक 03.11.1999 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री कान्ति प्रसाद पुत्र स्व. श्री केदार लाल, श्रीमती रेखा पुत्री स्व. श्री केदार लाल पत्नी श्री मनोज गौत्तम, श्रीमती मन्जू गौत्तम पुत्री स्व. श्री केदार लाल पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश गौत्तम एवं श्रीमती ममता गौत्तम पुत्री स्व. श्री केदार लाल पत्नी श्री दीपक शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड आलेखित कर दिनांक 29.07.2024 को श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री केदार लाल शर्मा के पक्ष में किया गया। श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री केदार लाल शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-व-16 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड के आधार पर श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री केदार लाल शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री केदार लाल शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सावित्री पत्नी स्व. श्री केदार लाल शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3872 जाहिर आम सूचना दिनांक - 17.10.24

आवास संख्या 5-सी-10 महावीर नगर तृतीय कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री मंगराज पुत्र घीसा राम को किया गया। इस आवास का नियमितिकरण श्री प्रकाश चंद भंडारी पुत्र श्री कन्हैया लाल भंडारी के नाम दिनांक 12.10.1998 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री प्रकाश चंद भंडारी पुत्र श्री कन्हैया लाल भंडारी द्वारा दिनांक 16.11.1998 को अपने पक्ष में करवाया गया। श्री प्रकाश चंद भंडारी पुत्र श्री कन्हैया लाल भंडारी की मृत्यु दिनांक 22.01.2010 को हो जाने के कारण उक्त आवास का हस्तांतरण वसीयत नामा के आधार पर दिनांक 29.03.2010 को श्रीमती मनीषा भंडारी पत्नी स्व. श्री प्रकाश चंद भंडारी के नाम किया गया। तत्पश्चात श्रीमती मनीषा भंडारी पत्नी स्व. श्री प्रकाश चंद भंडारी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.03.2022 को श्री महेश कुमार नागर पुत्र श्री गोबरीलाल को किया गया। श्री महेश कुमार नागर पुत्र श्री गोबरीलाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5-सी-10 महावीर नगर तृतीय कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री महेश कुमार नागर पुत्र श्री गोबरीलाल के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री महेश कुमार नागर पुत्र श्री गोबरीलाल का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री महेश कुमार नागर पुत्र श्री गोबरीलाल के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

सार-समाचार

## रेस्क्यू अभियान रथों को हरी झंडी दिखाई

**रावतभाटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से आश्रयहीन लोगों के लिए चलाए जा रहे विशेष रेस्क्यू अभियान के रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोई भी आश्रयहीन व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर अपना जीवन व्यतीत न करें, इस उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं 'अपना घर' संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 17 अक्टूबर एवं 18 अक्टूबर को विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में चार गाड़ियों के माध्यम से रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आश्रयहीन, नि:शक्त और लावारिस रुप में रह रहे लोगों का रेस्क्यू किया जाएगा। अभियान में पुलिस और प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने रेस्क्यू अभियान के वॉलेंटियर से बातचीत की और उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मुकेश कुमार, एसी ओ राकेश पुरोहित, सामाजिक न्याय एवं अधिकारी का विभाग के उपनिदेशक अशीन शर्मा, परिवीक्षा निरीक्षक विकास खटीक, आ एम सेठिया, शैलेन्द्र त्यागी, महेंद्रनाथ शर्मा, गोपाल कनेरिया सहित अधिकारी एवं अपना घर संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शरद पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र के नगर एंव ग्रामीण अंचल में अश्विन शुक्ल पूर्णिमा पर शरद पूर्णिमा को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्री संकट मोचन हनुमान मन्दिर फेज वन अणुषक्ति, श्रीराम टेकरी हनुमान मन्दिर सहित कई मदिरों पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया। तथा रात को खीर का भोग भी लगाया गया। वहीं मानव मन्दिर स्थित मन्दिर पर सोमवार को षरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। तथा आर.एस.एस., बजंरग दल एंव विष्व हिन्दू परिशद के पदाधिकारियों एंव कार्यकताओं ने षरद पुर्णिमा के अवसर पर मानव मन्दिर प्रागण में चावल की खीर एंव साबुदाने की खीर बनाकर धुम-धाम से महोत्सव मनाया गया। वहीं भैंसरोडगढ़ के श्री संकटमोचन हनुमान मन्दिर पर भी षरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। षरद पूर्णिमा महोत्सव पर रात्रि को संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ आयोजित किया गया। सुंदरकाण्ड पाठ के बाद श्रद्धालुओं को खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया।

## जायरीनों का इस्तकबाल किया

**रावतभाटा,** (निसं)। उमराह सफर से आने वाले जायरीनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम मौलाना मोहम्मद आरिफ की जानिब से किया गया, कार्यक्रम छोटे इमाम बाड़े में आयोजित हुआ। उमराह मक्का मदीना से अपनी यात्रा पूरी कर रावतभाटा पहुंचे, मोहम्मद यासीन, शकीला बी का मुस्लिम समाज ने मुंह मीठा करवाकर फूल मालाओं से जोरदार इस्तकबाल व सम्मान किया। कार्यक्रम में सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी, सेकेट्री मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद हनीफ मंसूरी, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद फयाज शेख, हबीब पेंटर, मोहम्मद फारुख, शहादत अली, मुशीर रियाज, हाजी शबीर हुसैन, शबीर, लतीफ अंसारी, शरीफ, जाकिर, आबिद, रशीद, महबूब, मेहमूद, अनस मंसूरी, उजैर मोहम्मद सहित मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

**रामगंजमंडी** (निसं)। नगर पालिका कर्मचारी संघ के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज व नगर के अन्य गणमान्य लोगों ने पालिका सभागार में महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धा प्रकट की।इस अवसर पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा ने महर्षि वाल्मीकि के दर्शन को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए रामायण ग्रंथ को सनातन संस्कृति का मूल श्रोत बताया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष देवीलाल सैनी अधिशासी अधिकारी दीपक नागर भाजपा कोटा देहात के जिला महामंत्री नरेन्द्र राजा पार्षद व भाजपा नगर मंडल महामंत्री अखिलेश मेड़तवाल वाल्मीकि समाज के श्याम मनोहर सरसिया कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश नरवाला मुकेश चांवरिया मुकेश वर्मा नवीन जादौन राजेंद्र सरसिया व पप्पू नागोनिया आदि उपस्थित रहे।

## डी.एफ.ओ. को ज्ञापन दिया

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान अधिनस्थ वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में डीएफओ को ज्ञापन देकर एप के माध्यम से ऑनलाईन उपस्थिति में आने वाली समस्याओं से अवगत करवाते हुए विरोध जताया। जिलाध्यक्ष राजू मीणा ने बताया कि उनके नेतृत्व में मुख्य संरक्षक राधाकृशण नागर, तेजराजसिंह हाडा, देवराज सुमन, मोहम्मद अखलाक, बिंदु सहरिया, भगवानसिंह, राहुल षक्तावत, पुरूशोत्तम षर्मा, गिनता मीना, अनिता मेहरा, नीसु सैनी, किरण पांचाल आदि ने डीएफओ को वन कर्मचारियो की समस्याओं से अवगत करवाया और समाधान की मांग की। मुख्य संरक्षक नागर ने कहा कि मांगे नही मानने पर प्रदेष अध्यक्ष के मार्गदर्षन में आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## रात्रिकालीन बस सेवा शुरू

**रावतभाटा,** (निसं)। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम चित्तौडगढ आगार के मुख्य प्रबंधक राकेश सारस्वत ने जानकारी देते हुए बताया कि कई महीने से बंद पड़ी हुई रात्रि कालीन बस सेवा उदयपुर से रावतभाटा कोटा गाड़ी को पुन: शुरू किया जा रहा है, आगे जानकारी में बताया कि यह बस उदयपुर से रात्रि 8 बजे वाया मंगलवाड़ होते हुए चित्तौडगढ से रात्रि 10:30 बजे, बेगूं रात्रि 12 बजे, सिंगोली रात्रि 1 बजे, रावतभाटा रात्रि 2 बजे व कोटा रात्रि 3:30 बजे पहुंचेगी। पुन: यह बस कोटा से प्रात: 11 बजे चलकर, रावतभाटा से दोपहर 1 बजे, सिंगोली दोपहर 2 बजे, बेगूं दोपहर 3:15 बजे व चित्तौड़गढ़ सायं 5 बजे पहुंचेगी।

## आश्रय गृह का निरीक्षण किया

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा गुरुवार को तेजस्विनी बालिका खुला आश्रय गृह का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि बालिका गृह में साफ-सफाई, स्नानघर, शौचालय, रसोईघर, खेल के मैदान, डाइनिंग हॉल, बालिकाओं की शिक्षा, भोजन, दिनचर्या, काउंसलर सुविधा तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही बालिकाओं की नियमित कॉउंसिलिंग व नियमानुसार सह शैक्षिणक गतिविधियां करवाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## डस्टबिन रखने के निर्देश

**छबड़ा** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छ दीपावली-शुभ दीपावली' थीम पर नगर पालिका क्षेत्र मे शहर की मुख्य सड़को पर दुकानदारो को दुकानो पर डस्टबिन रखने को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। ईओ संदीप गहलोत ने बताया कि स्ट्रीड फूड वेण्डर्स तथा दुकानदारो को जिसमे ऐसे दुकाने जिन पर भारी मात्रा मे कचरा निकलता हो, उनको डस्टबीन रखना अनिवार्य होगा। नगर पालिका द्वारा कभी भी औचक निरीक्षण कर डस्टबीन की उपलब्धता की जाँच की जा सकती है, डस्टबीन नही पाया गया तथा कचरा फैलाये जाने पर दुकानदार व वेण्डर्स को जुर्माना भरना होगा।

## आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**झालावाड़** (निसं)। दीपावली पूर्व हाउसिंग बोर्ड फीडर पर लाईनों की मरम्मत का कार्य किये जाने के कारण शुक्रवार, 18 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 केवी फीडर से संबंधित क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आई.डी.एस.एम.टी. कॉलोनी, कालिदास कॉलोनी, सांसद कार्यालय के आस-पास, आकाशवाणी, रेलवे स्टेशन, साईनाथपुरम, यशोदा विहार, शुभम सिटी, डाक बंगला, गोपाल विहार, लोटी स्कूल एवं छोटी रायपुर आदि में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## समाधान शिविर 25 को

**छबड़ा** (निसं)। पंचायत समिति में दिव्यांगजनो की समस्याओ के निस्तारण के लिए 25 अक्टूबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीसीएमओ डॉ. महेष भूटानी ने बताया कि षिविर में बारां के मेडिकल बोर्ड द्वारा विकलांग प्रमाणपत्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही किसी भी विभाग से संबंधित विकलांग की समस्या जैसे की पेंशन, बस पास, यूडीआईडी कार्ड, पालनहार योजना आदि की समस्याओ का समाधान किया जाएगा।

## परिजन को मोबाइल लौटाया

**छबड़ा** (निसं)। एंबुलेंस चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मरीज के परिजन को महंगा मोबाईल लौटाया। रानू गालव ने बताया कि 104 जननी एंबुलेंस के चालक बलरामसिंह जो कि सोनी गांव से किसी मरीज को लेकर कवाई अस्पताल में भर्ती करवाया और वापस छबडा आते वक्त बालापुर के पास उन्हें पता चला कि मरीज का मोबाइल गाडी में रह गया है तो उन्होंने वापस कवाई अस्पताल पहुंचकर परिजन प्रीतमसिंह सहरिया को मोबाइल लौटाया और अपनी ईमानदारी का परिचय दिया।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण किया

**बूंदी** (निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण कर राहत प्रदान की। साथ ही अन्य प्रकरणों के संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए।

जन सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की वाजिब समस्या का अधिकारीगण तुरंत समाधान करें। निस्तारण में किसी तरह की ढ़िलाई नहीं करें। जनसुनवाई में 78 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय जन सुनवाई के आयोजन से पहले जिला परिषद, नगर परिषद से संबंधित प्रकरणों का रिव्यू कर लिया जाए।

जिला कलेक्टर ने ग्राम बीचडी में सडक समस्या समाधान के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ग्रेवल सड़क बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लाखेरी के एक प्रकरण में उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए कि राजस्व रिकार्ड में नाम शुद्धिकरण कराया जाए। नायब तहसीलदार करवर को निर्देश दिए कि चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्यवाही की जाए। विकास अधिकारी नैनवा को निर्देश दिए कि चारागाह भूमि पर विकास कार्य की योजना बनाई जाए। न्यू कॉलोनी में सीवरेज की क्षितग्रस्त लाइन की समस्या को समाधान किया जाए।



जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में लोगों के अभाव अभियोग सुने।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने अजेता गांव में व्यक्तिगत लाभ की योजना से वंचित को इसका लाभ दिलाया जाए। श्मशान और कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन हेतु सिवायचक भूमि के प्रस्ताव ही भिजवाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि दुगारी व मोडसा गांव में सड़क पर ग्रेवल कराई जाए। नयागांव में सीमाज्ञान करवाने के लिए तहसीलदार को निर्देश दिए। तहसीलदार नैनवा को निर्देश दिए कि गुढादेवजी गांव में आबादी क्षेत्र में मृत मवेशी नहीं डाले जाएं। करवाला पंचायत में श्मशान के रास्ते से अतिक्रमण हटाया जाए। मोडसा गांव में सड़क पर जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पालनहार योजना से संबंधित समस्या का समाधान किया जाए। उन्होंने बूंदी शहर के बालचंद पाड़ा क्षेत्र में पानी की समस्या का मौके पर जाकर समाधान करवाएं। साथ ही इसी स्थान पर कम वोल्टेज की समस्या का भी समाधान किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएडी विभाग द्वारा नहरों की साफ सफाई करवाई जाए। जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, पट्टा जारी करवाने, अतिक्रमण हटाने, किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान करवाने, विद्युत कनेक्शन, सीमा ज्ञान, राशि स्वीकृत करवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व रिकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण, खेत में जाने का रास्ता दिलवाने, नालियों की साफ सफाई, नरेगा भुगतान, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने संबंधी समस्याएं आमजन ने जिला कलेक्टर को बताई। जनसुनवाई में जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर , मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसवीर मीणा, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. सामर, एसई जेवीवीएनएल के के शुक्ला, डीएफओ वीरेन्द्र कृष्णियां, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता इन्द्रजीत मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं परिवादी मौजूद रहे।

## कार्यशाला आयोजित

**बूंदी** (निसं)। भाजपा 'सदस्यता अभियान 2024' के अंतर्गत जिला स्तरीय सदस्यता कार्यशाला का आयोजन प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा के सानिध्य में किया गया। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान का फीडबैक लेते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा के सदस्य बनाने के विषय पर जोर दिया। कार्यशाला को जिला प्रभारी जुगल शर्मा, जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, जिला महामंत्री योगेन्द्र ने भी संबोधित किया।

## राजकुमार गुप्ता ने एस.डी.पी. डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवन दाता द्वारा रक्तदान और एसडीपी के लिए निरंतर सेवा कार्य किया जा रहे हैं।

टीम जीवन दाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कैंसर पेशेंट मीनू सूद की तबीयत खराब थी, चिकित्सकों ने एसडीपी के लिए कहा। उप महापौर कोटा दक्षिण पवन मीणा का भी कॉल आया कि मरीज को बी पॉजीटिव एसडीपी उपलब्ध करानी है। बी पॉजिटिव के लिए लोग परेशान हो रहे थे, लेकिन जब टीम जीवनदाता से संपर्क किया तो यह सारी घटना लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट एरिया कॉर्डिनेटर राजकुमार गुप्ता मीटिंग में थे। इस दौरान जरूरतमंद की सभी बात सुन रहे थे।

उन्होंने भी जिज्ञासावश कहा कि वह भी बी पॉजिटिव है, और वह एसडीपी के लिए तैयार हैं। ऐसे में मीटिंग छोड़ वह अपना ब्लड सेंटर पहुंचे और सारे मापदंड पूरे किए और राजकुमार गुप्ता ने पहली बार एसडीपी डोनेट की और अवसर को सेवा में तब्दील किया। वह इससे पूर्व 20 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं।

इस अवसर पर अनिकेत जैन भी उपस्थित रहे साथ में सभी ने मिलकर ब्लड बैंक स्टॉफ स्वाति कश्यप का जन्मदिन भी मनाया। सभी स्टॉफ ने राजकुमार गुप्ता का अभिनंदन किया।

## 14 माह से फरार इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बूंदी** (निसं)। 14 माह से फरार अपराधी को गिरफ्तार करने में रायथल थाना पुलिस को सफलता मिली। थानाधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि 19 अगस्त 2023 फरियादी ने रिपोर्ट दी थी की उसकी नाबालिग बहन को गुवाडी निवासी राजकुमार पुत्र गंगाराम मीणा बहला फुसला कर भगा कर ले गया है।

इस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया। अनुसंधान में सामने आया की राजकुमार इस लड़की को पुर्व में भी दिसम्बर 2022 में अपहरण कर ले गया था, जिस पर मुकदमा दर्ज कर बालिका को दस्तयाब कर लिया गया। लेकिन उक्त आरोपी न्यायालय से जमानत होने के बाद पुन: 19 अगस्त 2023 को लडकी का अपरहण कर फरार हो गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त पलायनकर्ता बालिका की दस्तयाबी पर दो हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम ने संभावित व्यक्ति से पूछताछ करने पर पता चला की भीलवाड़ा की फैक्ट्री एरिया में राजकुमार रह हा है वहा जाकर राजकुमार को गिरफ्तार कर अपहृता बालिका को दस्तयाब किया गया।



बूंदी पुलिस ने फरार अपराधी को गिरफ्त में लिया।

## एलन के 1065 स्टूडेंट्स आरएमओ के लिए चयनित

**कोटा,** (निसं)। इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड के लिए पहले चरण इंडियन ओलम्पियाड क्वालीफायर इन मैथेमेटिक्स (आईओक्यूएम) का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। आईओक्यूएम में एलन के कुल 1065 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि मैथेमेटिक्स टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस परीक्षा में चयनित विद्यार्थी रीजनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) के लिए क्वालीफाई हुए हैं। पूरे भारत से कुल 6534 विद्यार्थी आरएमओ के लिए क्वालिफाई हुए हैं, जिनमें अभी तक की गणना के अनुसार एलन के कुल 1065 विद्यार्थी शामिल हैं। आईओक्यूएम परीक्षा पूरे भारत में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 8 सितंबर को आयोजित की गई थी। अब 3 नवंबर को आरएमओ का आयोजन किया जाएगा।

# विप्र फाउंडेशन ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता सौंपी

**बून्दी** (निसं)। विप्र फाउंडेशन द्वारा तलवास गुरुकुल अग्निकांड हादसे में मृतक बटुकों के पीडित परिवारों को सांत्वना प्रकट करते हुए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

विप्र फाउंडेशन प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने बताया कि विप्र फाउंडेशन द्वारा ब्राह्मण बन्धुओं से एकत्रित राशि में से पेंतालिस, पेंतालिस हजार रूपये की सहायता राशि दोनों मृतक बटुकों बून्दी के रितेश शर्मा और मोई कला कोटा के शिवशंकर शर्मा के परिजनों को व घायल अभिजीत शर्मा, बम्बूली नैनवा को दस हजार रूपये आर्थिक सहायता दी रही है।

पीडित परिवारों के घर पहुंच कर विप्र फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक नवल किशोर शर्मा, राष्ट्रीय संत पं.ज्योति शंकर शर्मा, सनाढ्य समाज जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा डिंगल, प्रदेश मंत्री गिरीश ओझा, प्रेममोहन गौड,युवा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री ऋषभ शर्मा, विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष रामचरण श्रृंगी, शहर अध्यक्ष मेघराज शर्मा, आचार्य पं. विष्णु शर्मा रायथल, अधिवक्ता राजकुमार दाधीच, कार्यसमिति सदस्य अनन्त दाधीच, युवा नेता गौरव शर्मा, पं. सतीश शर्मा अस्तौली, वैद्य सतीश शर्मा, ध्रुव व्यास,बिट्ठल कुमार सनाढ्य सहित उपस्थित ब्राह्मण बन्धुओं ने कुशलक्षेम पूछी और सहायता राशि का चेक भेंट किया। इस घटना पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मुरारी चतुर्वेदी ने 9अक्टूबर को जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए परिजनों को आश्वस्त किया कि सम्पूर्ण ब्राह्मण समाज दु:ख की इस घडी में आपके साथ है और जब तक राज्य सरकार दोनों मृतक बटुकों के परिजन को एक एक करोड रूपये मुआवजा राशि, उत्तरदायी परिजन को संविदा नौकरी और इस संदेहास्पद घटनाक्रम की जांच किसी मुकाम तक नहीं पहुंच जाती। तब तक ब्राह्मण समाज चुप बैठने वाला नहीं है और हमारे द्वारा दिये गये ज्ञापन की अवधि पंद्रह दिवस भी पूर्णता की और है, यदि कुछ संतुष्टि पूर्ण हल जल्दी ही नहीं निकला तो समाज द्वारा आगे की रणनीति पर विचार किया जायेगा।



विप्र फाउंडेशन द्वारा तलवास गुरुकुल अग्निकांड हादसे में मृतकों के पीड़ित परिवारों को सांत्वना प्रकट करते हुए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

सार-समाचार

## अजमीढ़ जयंती का आयोजन

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के पुरोधा महाराजा अजमीढ की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें राधा-कृष्ण मंदिर से समाज के पुरुष, युवा एवं मातृशक्ति पारंपरिक परिधानों में सजधज कर भजन गायन करते हुए स्वर्णकार धर्मशाला तक शोभायात्रा निकाली। जिसका आरती कर फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पंचायत अध्यक्ष बालकृष्ण, उत्थान समिति अध्यक्ष कमलेश, महिला अध्यक्ष रानी, युवा अध्यक्ष जिला हितेश, युवा अध्यक्ष सक्षम, जिला संरक्षक मोहनलाल, पंचायत संरक्षक मोहनलाल आदि शामिल रहे। अंत में धर्मशाला में महाआरती संपन्न हुई। तत्पश्चात् महिला मंडल पदाधिकारी रानी, अंजू, यशोदा, कृष्णा एवं नंदिनी द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनमें अपना सनातन अपनी संस्कृति के मंत्र में प्रथम सत्यप्रिया, सूरज देवी, रुनझुन, वृंदा एवं द्वितीय हर्षिल शक्ति, सारिका, तृतीय में कालिंदी सीमा एवं कालिंदी रहे। जूनियर पेपर गेम में प्रथम विधि, द्वितीय शक्ति व कालिंदी, तृतीय त्रियांश, सब्जी से बंदनवार में प्रथम शिवानी, द्वितीय तारा, तृतीय दिया, 12 महीना के त्योहारों में प्रथम सलोनी, द्वितीय शकुन एवं तृतीय वंदना रही। सीनियर ग्रुप में प्रथम सूरज देवी एवं द्वितीय पदमा रही। पेपर गेम सीनियर में प्रथम सत्यप्रिया, द्वितीय कनिका एवं तृतीय तारा रही। महिला चेयर रेस में प्रथम अनीशा, द्वितीय काजल एवं पुरुष चेयर रेस में प्रथम नरेंद्र टीआरए, द्वितीय दुर्गेश एवं बुधवार को क्रिकेट मैच आयोजन हुआ। वही, खाना खजाना में सूरज देवी, सारिका, शारदा, यशोदा, तारा, चंदा, पिंकी, मीना, शकुन, निर्मला, नंदिनी पूजा, वृंदा, सुमित्रा, रानी, नीरू द्वारा लजीज एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉल्स लगाई गई। रात्रि में बच्चों रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुए एवं यहां प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## कृषि उर्वरक आदान विक्रेताओं की बैठक

**छबड़ा** (निसं)। एसडीएम की अध्यक्षता में कृषि उर्वरक आदान विक्रेताओं की बैठक गुरूवार को कृषि कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सहायक निदेशक एवं कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। सहायक निदेशक (कृशि विस्तार) चौथमल मीणा के अनुसार बैठक में एसडीएम रामसिंह गुर्जर द्वारा समस्त उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरको को निर्धारित दर पर विक्रय करने, डीएपी उर्वरक के स्थान पर एसएसपी एवं एनपीके उर्वरकों को बढावा देने, उर्वरकों के साथ अन्य उत्पाद अटैच में नहीं करने, स्टॉक रजिस्टर एवं फर्म पर मूल्य सूची प्रदर्शित करने एवं जिले से बाहर उर्वरकों की कालाबाजारी नहीं करने एवं डीएपी उर्वरक के प्रत्येक कृषक को अधिकतम पांच बैग देने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पार सम्बंधित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। वहीं तहसीलदार अभिशेक पारीक ने गुरूवार को पंचायत समिति के पास स्थित एक खाद की दुकान का निरीक्षण किया तो यहां रेट लिस्ट का सही रूप से संधारण करना नही पाया गया। इस पर तहसीलदार ने दुकानदार को नियमानुसार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने के आवष्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मरीजों के परिजनों को भोजन कराया




**बून्दी** (निसं)। विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर हर पेट को भोजन के अपने संकल्प के तहत इनरव्हील क्लब द्वारा अस्पताल में भर्ती दूरदराज के इलाकों के मरीजों के परिजनों को भोजन करवाया गया। ये परिजन अपने मरीज के मर्ज से वैसे ही दुखी रहते हैं और अपने गांव से दूर बूंदी में आकर अपने खाने और रहने के ठिकाने के लिए परेशान रहते हैं। ऐसे में इनरव्हील क्लब द्वारा उपलब्ध करवाए भोजन के पश्चात सभी ने इनरव्हील के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष पूर्णिमा दीक्षित, चार्टर प्रेसिडेंट रेखा शर्मा, सरबजीत कौर, सरोज वर्मा सहित रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई के व्यक्तित्व के बारे में बताया

**बूदी** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ संदीप यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व व कृतित्व को निबंधात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के शासनकाल में उनकी सैनिक व्यवस्था, शासन व्यवस्था, जनकल्याण के कार्य आदि से सभी छात्राओं को प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान गोदिका ने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर आदर्श भारतीय नारी का उत्कर्ष उदाहरण है। उनके कुशल प्रशासन, न्याय, सेवा, त्याग, कला, दर्शन, कुटीर उद्योग, महिला शिक्षा आदि क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रतियोगिता में डॉ चंपा अग्रवाल व भोला निर्णायक मंडल में रहे। बीए थर्ड ईयर की अंजली पाठक ने प्रथम स्थान, बी फर्स्ट ईयर की अंतिमा गुर्जर ने द्वितीय स्थान और बीए सेकंड ईयर की आराधना माथुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## स्वच्छता कार्मिकों का सम्मान किया

**बूदी** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बूंदी इकाई ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर समरसता का संदेश देते हुए बुलबुल का चबूतरा तथा गुरुनानक कॉलोनी में महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर पर द्वीप प्रज्वलन कर वाल्मीकि समाज के बंधुओं के साथ आयोजन किया। वही वरिष्ठ स्वच्छता सैनिको का माल्यार्पण कर और मुंह मीठा करवाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर मंत्री नवीन शर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज समाज में वाल्मीकि बन्धु महत्वपूर्ण स्थान रखते है। वे विकट परिस्थितियों में कठिन परिश्रम करते है। ऐसी जीवन शैली को कोटि कोटि वंदन करना चाहिए। इस दौरान वाल्मीकि समाज के राजेंद्र हाड़ा, कालू हरित, राजकुमार सांगेला, किशन कचोटिया, लोकेश कचोटिया, विक्रम गोयर, समाजिक कार्यकर्ता राकेश बोयत, संजय भूटानी सहित एबीवीपी के सह मंत्री अंजली पाठक, आराधना शर्मा, अंतिम गुर्जर, चंद्रप्रकाश सैनी, मनु, सक्षम, अभिषेक गोस्वामी, आदित्य, मुकेश, विमला सैनी, रामगनी, दिव्या, किरण, खुशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इम्यूनिटी अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत

**बून्दी** (निसं)। मौसमी बीमारियों (वायरल बुखार, खांसी, जुकाम, बदनदर्द, उदररोग, त्वचारोग आदि) से बचने तथा रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर सामान्य संक्रमण से बचाव के लिए बालचंदपाडा स्थित राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा इम्यूनिटी महाभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सालय प्रभारी डॉ सुनील कुशवाह ने बताया कि 11 अक्टूबर से आरोग्य समिति के सहयोग से संचालित इस महाभियान के पहले चरण में चिकित्सालय में प्रतिदिन आयुर्वेदिक औषधियों से निर्मित इम्यूनोबूस्टर काढ़ा तैयार करके नियमित रूप से आमजन, रोगियों को पिलाया जा रहा है। दूसरे चरण में शहर के विभिन्न क्षेत्रों, सरकारी कार्यालयों, संस्थानों में नियमित रूप से काढ़ा पिलाया जायेगा। दूसरे चरण की शुरुआत शुक्रवार सुबह 11.30 बजे से जिला कलेक्ट्रेट से होगी।

## जन्मदिन पर सेवा कार्य किए

**बूंदी** (निसं)। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के जन्मदिन पर शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी की अगुवाई में कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मीरा गेट स्थित जंगल की बगीची में गौवंश को चारा डाला, मालन मासी बालाजी पर पक्षियों को दाना डाला गया। सभी कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अग्रवाल को माल्यार्पण किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान अभिषेक जैन पार्षद मानस जैन जगदीश राजपुरोहित मनमोहन धाभाई महावीर जैन जसविंदर सिंह कौशल त्रिवेदी रवि शर्मा अमित शर्मा हेमंत मीणा संजय भूटानी विनोद श्रृंगी रतनदीप छाबड़ा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

